2073 | पृष्ठ 16 | मूल्य : 4.00 रुपये

卐 ।।श्री हरिः।। 卐

# सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

www.sanmarg.in

18 मई, 2016

बुधवार

शिल्पांचल बंगाल

अपंगता प्रमाण पत्र देश भर में वैध होंगे: गहलोत पेज 12 | 1.2 किलो सोना के साथ बंगलादेशी गिरफ्तार पेज 3 | नहीं जानता कि मैं अपने चरम पर हूं : विराट कोहली पेज 15



...में छात्र-छात्राओं को दी ...5400 उत्तर पुस्तिकाएं




दुर्गापुर में केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ट्रैक्टर पर बैठे हुए

## केंद्रीय तकनीकी एवं विज्ञान मंत्री ने सीएमईआरआई का किया दौरा

दुर्गापुर : केंद्रीय तकनीकी एवं विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने मंगलवार की सुबह दुर्गापुर स्थित सीएमईआरआई का दौरा किया। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन देश भर के 38 लैबों का दौरा करेंगे जिसमें सीएमईआरआई भी शामिल है। इस मौके पर डॉ. हर्षवर्द्धन ने सीएमईआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित विभिन्न तकनीकी चीजों का निरीक्षण किया एवं उनका हौसला बढ़ाया। सीएमईआरआई के वैज्ञानिकों द्वारा टीओसीआइसी स्कीम के तहत बनाया गया ई-रिक्शा चार्जर, कॉपर रिमूवल, आयरन रिमूवल, सोलर ट्री एवं सोलर ट्रेक्टर सहित इत्यादि चीजों को देखकर मंत्री ने वैज्ञानिकों की जमकर सराहना की। वही वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित सोलर प्लांट स्वराज ट्रेक्टर को देखकर मंत्री ने अपने वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया एवं आगे और भी बेहतर प्रदर्शन करने का सुझाव दिया। इस मौके पर डॉ. हर्षवर्द्धन ने कहा कि ग्रीन भारत के निर्माण में वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसका प्रभाव खेतों पर देखने को मिलता है। किसानों के लिए खेती करने हेतु वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक चीजों का आविष्कार किया, जिसका फायदा हमारे किसानों को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने ट्रेक्टर व ई-रिक्शा पर भी बैठ कर उससे संबंधित सारी जानकारियां लीं। इस मौके पर सीएमइआरआई के निदेशक हरीश हीरानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आग लगने से धान का गोला जलकर राख

दुर्गापुर स्ट्रांग रूम के आसपास